दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 13-03-2026

सिटी भास्कर

सीआरएसयू में यूटीडी एथलेटिक्स मीट

शॉटपुट स्पर्धा में राघव दहिया और 200 मीटर महिला दौड़ में मीनू रही अव्वल

भास्कर न्यूज़ | जींद

सीआरएसयू में पहली यूटीडी एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू कार्यालय और खेल विभाग के निदेशक के नेतृत्व में किया गया। एथलेटिक्स मीट के दौरान विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मुख्य अतिथि वीसी प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं बढ़ाते, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना की और उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम में प्रो. कुलदीप नारा, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. नरेश देशवाल, डॉ. रोहित राठी सहित कई प्राध्यापक और अधिकारी मौजूद रहे।

प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे

100 मीटर दौड़ : महिला वर्ग में मीनू प्रथम, रीनू द्वितीय और स्वाति तृतीय।

100 मीटर दौड़ : पुरुष वर्ग में नवीन प्रथम, संजय द्वितीय और अंकित तृतीय।

200 मीटर दौड़ : महिला वर्ग में मीनू प्रथम, पूजा द्वितीय और रीनू तृतीय।

200 मीटर दौड़ : पुरुष वर्ग में संजय ने प्रथम, नवीन ने द्वितीय और धीरज तृतीय।

400 मीटर रेस : पुरुष वर्ग में विश्वजीत प्रथम, परमजीत द्वितीय और सोनू तृतीय रहे।

400 मीटर रेस : महिला वर्ग में पूजा प्रथम, मीनू द्वितीय और अंजू तृतीय रहीं।

1500 मीटर रेसः पुरुष वर्ग में सोनू ने पहला, विश्वजीत ने दूसरा और सुमित ने तीसरा स्थान हासिल किया।

जींद. लंबी कूद में भाग लेता खिलाड़ी।

शॉटपुट : राघव दहिया प्रथम, सरवन द्वितीय और अंकित तृतीय रहे।

लॉन्ग जंप : महिला वर्ग में पूजा, मीनू और रेनू क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

लॉन्ग जंप : पुरुष वर्ग में संजय ने प्रथम, अंकित द्वितीय और श्रवण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जागरण सिटी जींद

नरवाना/सफीदों/पिल्लूखेड़ा/जुलाना/अलेवा/उचाना

सीआरएसयू में साल की पहली यूटीडी एथलेटिक्स मीट हुई, 100 मीटर महिला दौड़ में मीनू रहीं प्रथम

खेल शारीरिक क्षमता के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास का भी करते विकास: वीसी

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) में इस साल की पहली यूटीडी की एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं बढ़ाते, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया कि वे भविष्य में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें।

रजिस्ट्रार डा. राजेश बंसल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि विद्यार्थी खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें। इस अवसर पर डा. जसबीर सिंह, डा. अतुल सहारण, प्रोफेसर कुलदीप नारा, डा. जितेंद्र कुमार, डा. प्रवीण कुमार, डा. नरेश देशवाल, डा. रोहित राठी भी मौजूद रहे।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित एथलेटिक्स मीट में भाग लेते हुए खिलाड़ी। • सौजन्य सीआरएसयू

ये रहे परिणाम

100 मीटर महिला दौड़ में मीनू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रीनू द्वितीय स्थान पर रही, जबकि स्वाति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर पुरुष वर्ग में नवीन पहले स्थान पर, संजय दूसरे और अंकित तीसरे स्थान पर रहा। 200 मीटर महिला दौड़ में मीनू ने प्रथम स्थान हासिल किया। पूजा द्वितीय व रीनू तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में संजय प्रथम, नवीन द्वितीय और धीरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर पुरुष वर्ग में विश्वजीत पहले, परमजीत दूसरे और सोनू तीसरे स्थान पर रहा। 400 मीटर महिला वर्ग में पूजा पहले, मीनू दूसरे और अंजू तीसरे स्थान पर रही। 1500 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में सोनू प्रथम, विश्वजीत द्वितीय व सुमित तृतीय स्थान पर रहा। शाटपुट प्रतियोगिता में राघव दहिया प्रथम, सरवन द्वितीय और अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर महिला अध्यापक वर्ग की दौड़ में रेनू (मैनेजमेंट विभाग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनु (कंप्यूटर साइंस विभाग) द्वितीय स्थान पर रही व नवीन (कंप्यूटर साइंस विभाग) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लांग जंप महिला वर्ग में पहले स्थान पर पूजा, दूसरे स्थान पर मीनू व तीसरे स्थान पर रेनू रही। लांग जंप पुरुष वर्ग में संजय पहले स्थान पर रहा।

पंजाब केसरी
FRI,13 MARCH 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 3

सी.आर.एस.यू. में एथलैटिक्स मीट का सफल आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

प्रतियोगिता में दम दिखाते खिलाड़ी।

जींद, 12 मार्च (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 की पहली यू.टी.डी. की एथलैटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के डी.एस.डब्ल्यू. तथा निदेशक खेल विभाग के नेतृत्व में किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलगुरु ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं बढ़ाते, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने एथलैटिक्स मीट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना की और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी।

उन्होंने कहा कि वे इसी उत्साह और मेहनत के साथ आगे भी खेलों में भाग लेते रहें और अपने प्रदर्शन को निरंतर बेहतर बनाते रहें। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया कि वे भविष्य में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें।

विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों में निरंतर मेहनत करने तथा विश्वविद्यालय का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि विद्यार्थी खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

डी.एस.डब्ल्यू. डॉ. जसबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

खेल प्रतियोगिता के परिणाम

100 मीटर महिला दौड़ में मीनू (बी.पी.एड.) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रीनू (एम.पी.एड.) द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि स्वाति (बी.पी.एड.) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर पुरुष वर्ग में नवीन पहले स्थान पर, संजय दूसरे और अंकित तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर महिला दौड़ में मीनू (बी.पी.एड.) ने प्रथम स्थान हासिल किया। पूजा (बी.पी.एड.) द्वितीय स्थान पर रहीं तथा रीनू (एम.पी.एड.) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में संजय (एम.पी.एड.) प्रथम स्थान पर रहे। नवीन ने द्वितीय स्थान, धीरज ने तृतीय स्थान तथा साहिल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

400 मीटर पुरुष वर्ग में विश्वजीत पहले, परमजीत दूसरे और सोनू तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर महिला वर्ग में पूजा पहले, मीनू दूसरे और अंजू तीसरे स्थान पर रही। 1500 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में सोनू (योग विज्ञान विभाग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विश्वजीत (योग विज्ञान विभाग) द्वितीय स्थान पर रहे तथा सुमित (योग विज्ञान विभाग) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट प्रतियोगिता में राघव दहिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरवन द्वितीय स्थान पर रहे तथा अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर महिला अध्यापक वर्ग की दौड़ में रेनू (मैनेजमैंट विभाग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनु (कंप्यूटर साइंस विभाग) द्वितीय स्थान पर रहीं तथा नवीन (कंप्यूटर साइंस विभाग) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप महिला वर्ग में पहले स्थान पर पूजा, दूसरे स्थान पर मीनू, तीसरे स्थान पर रेनू रही। लॉन्ग जंप पुरुष वर्ग में संजय पहले, अंकित दूसरे व श्रवण तीसरे स्थान पर रहे।

सटीक नजर-सबकी खबर

INDIA TIMER

इंडिया टाइमर

www.indiatimer.com indiatimer1@gmail.com indiatimer1 वर्ष : 12 || अंक : 9 || जीन्द, 13 मार्च 2026 || पृष्ठ : 4 || मूल्य : 3 रुपए INDIATIMER @indiatimer1

इंडिया टाइमर में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

मोबाइल : 9050007221 9467504707

सीआरएसयू में एथलेटिक्स मीट में छात्रों ने जीत के लिए निकाले पसीने

खिलाड़ी उत्साह के साथ उतरे मैदान में : वीसी सैनी

संजय शर्मा

जींद, (इंडिया टाइमर) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 की पहली यूटीडी की एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू तथा निदेशक खेल विभाग के नेतृत्व में किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं बढ़ाते, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने एथलेटिक्स मीट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना की और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। वाइस चांसलर प्रो. सैनी ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इसी उत्साह और मेहनत के साथ आगे भी खेलों में भाग लेते रहें और अपने प्रदर्शन को निरंतर बेहतर बनाते रहें। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया कि वे भविष्य में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों में निरंतर मेहनत करने तथा विश्वविद्यालय का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रोफेसर कुलदीप नारा, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. नरेश देशवाल, डॉ. रोहित राठी, अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

खेल प्रतियोगिता के ये रहे परिणाम

100 मीटर महिला दौड़ में मीनू (बी.पी.एड.) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रीनू (एम.पी.एड.) द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि स्वाति (बी.पी.एड.) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर पुरुष वर्ग में नवीन पहले स्थान पर संजय दूसरे स्थान पर और अंकित तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर महिला दौड़ में मीनू (बी.पी.एड.) ने प्रथम स्थान हासिल किया। पूजा (बी.पी.एड.) द्वितीय स्थान पर रहीं तथा रीनू (एम.पी.एड.) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में संजय (एम.पी.एड.) प्रथम स्थान पर रहे। नवीन ने द्वितीय स्थान, धीरज ने तृतीय स्थान तथा साहिल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर पुरुष वर्ग में विश्वजीत पहले स्थान पर परमजीत दूसरे स्थान पर और सोनू तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर महिला वर्ग में पूजा पहले स्थान पर मीनू दूसरे स्थान पर और अंजू तीसरा स्थान पर रही। 1500 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में सोनू (योग विज्ञान विभाग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विश्वजीत (योग विज्ञान विभाग) द्वितीय स्थान पर रहे तथा सुमित (योग विज्ञान विभाग) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट प्रतियोगिता में राघव दहिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरवन द्वितीय स्थान पर रहे तथा अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर महिला अध्यापक वर्ग की दौड़ में रेनू (मैनेजमेंट विभाग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनु (कंप्यूटर साइंस विभाग) द्वितीय स्थान पर रहीं तथा नवीन (कंप्यूटर साइंस विभाग) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप महिला वर्ग में पहले स्थान पर पूजा, दूसरे स्थान पर मीनू, तीसरे स्थान पर रेनू रही। लॉन्ग जंप पुरुष वर्ग में संजय पहले स्थान पर, अंकित दूसरे स्थान पर व श्रवण तीसरे स्थान पर रहे।

पंजाब केसरी

Date-13.03.2026

खिलाड़ी उत्साह के साथ उतरे मैदान में : वीसी सैनी

सीआरएसयू में एथलेटिक्स मीट में छात्रों ने जीत के लिए निकाले पसीने

जींद, संजय शर्मा(पंजाब केसरी): चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 की पहली यूटीडी की एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू तथा निदेशक खेल विभाग के नेतृत्व में किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं बढ़ाते, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने एथलेटिक्स मीट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना की और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। वाइस चांसलर प्रो. सैनी ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इसी उत्साह और मेहनत के साथ आगे भी खेलों में भाग लेते रहें और अपने प्रदर्शन को निरंतर बेहतर बनाते रहें। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया कि वे भविष्य में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों में निरंतर मेहनत करने तथा विश्वविद्यालय का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रोफेसर कुलदीप नारा, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. नरेश देशवाल, डॉ. रोहित राठी, अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

खेल प्रतियोगिता के ये रहे परिणाम: 100 मीटर महिला दौड़ में मीनू (बी.पी.एड.) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रीनू (एम.पी.एड.) द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि स्वाति (बी.पी.एड.) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर पुरुष वर्ग में नवीन पहले स्थान पर संजय दूसरे स्थान पर और अंकित तीसरे स्थान पर रहे।

200 मीटर महिला दौड़ में मीनू (बी.पी.एड.) ने प्रथम स्थान हासिल किया। पूजा (बी.पी.एड.) द्वितीय स्थान पर रहीं तथा रीनू (एम.पी.एड.) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अमर उजाला

Date-13.03.2026

100 मीटर दौड़ में मीनू और नवीन ने मारी बाजी

सीआरएसयू एथलेटिक्स मीट: शॉट पुट में राघव दहिया ने स्वर्ण, सरवन ने रजत और अंकित ने कांस्य जीता

लंबी कूद लगाते खिलाड़ी। स्रोत : विवि

विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते सीआरएसयू स्टाफ। संवाद

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में वीरवार को वर्ष 2026 की पहली यूटीडी एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि खेल अनुशासन और टीम भावना विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहराने के लिए प्रेरित किया। कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने कहा कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

बीपीएड की मीनू और एमपीएड के संजय एथलीट बनकर उभरे। 100 मीटर महिला दौड़ में मीनू प्रथम, रीनू द्वितीय और स्वाति तृतीय रहीं। 200 मीटर में भी मीनू ने स्वर्ण जीता जबकि पूजा दूसरे और रीनू तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में नवीन ने पहला, संजय ने दूसरा और अंकित ने तीसरा स्थान पाया।

वहीं 200 मीटर दौड़ में संजय ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी गति का लोहा मनवाया जबकि नवीन दूसरे और धीरज तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर पुरुष वर्ग में विश्वजीत और महिला वर्ग में पूजा अव्वल रहीं। 1500 मीटर की लंबी दौड़ में योग विज्ञान विभाग का दबदबा रहा जहां सोनू ने प्रथम, विश्वजीत ने द्वितीय और सुमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शॉट पुट में राघव दहिया ने स्वर्ण, सरवन ने रजत और अंकित ने कांस्य पदक जीता। लंबी कूद में महिला वर्ग की विजेता पूजा और पुरुष वर्ग के विजेता संजय रहे। महिला अध्यापक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मैनेजमेंट विभाग की रेनू ने प्रथम, कंप्यूटर साइंस की अनु ने द्वितीय और नवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ. जसबीर सिंह, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ. अतुल सहारण, प्रो. कुलदीप नारा, डॉ. जितेंद्र कुमार और डॉ. नरेश देशवाल सहित कई प्राध्यापक मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जहां खिलाड़ियों ने भविष्य में और अधिक मेहनत करने का संकल्प लिया।